राजा मानसिंह तोमर
संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर, मध्यप्रदेश

Raja Mansingh Tomar
Music and Arts University
Gwalior, Madhya Pradesh

क्र. /1216/प्रवेश/रा.मा.तो.वि.वि./ग्वा./2024 दिनांक 30.07.2024

प्रति,

समस्त प्राचार्य
सम्बद्धता प्राप्त संगीत एवं कला महाविद्यालय
मध्यप्रदेश
समस्त विभागाध्यक्ष
रा.मा.तो. संगीत एवं कला विश्वविद्यालय
ग्वालियर

विषयः– सत्र 2024–25 में नियमित प्रवेश में समस्त विषय के एम.ए. कोर्स के Entrance Test के संबंध में।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभिन्न महाविद्यालयों से प्राप्त आवेदन के आधार पर कार्यपरिषद में लिये गये निर्णयानुसार विश्वविद्यालय अध्यनशाला एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय संगीत एवं कला महाविद्यालयों में संगीत, नृत्य एवं ललित कला संकायों के समस्त विषयों के एम.ए. में प्रवेश हेतु ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने स्नातक स्तर की परीक्षा संगीत, नृत्य एवं ललित कला विषयों से उत्तीर्ण नहीं की है एवं अन्य आवश्यक अर्हताएं (निर्धारित डिप्लोमा कोर्स) भी पूर्ण नही की है उन्हें एम.ए. कोर्स में प्रवेश हेतु Entrance Test में सम्मिलित होना अनिवार्य होगा। **Entrance Test की परीक्षा दिनांक 14.08.2024 को विश्वविद्यालय के परिसर में होगी।** सम्मिलित होने वाले समस्त विद्यार्थियों को राजा मानसिहं तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय परिसर में अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थिति होना होगा।

जिन विद्यार्थियों के द्वारा अपने प्रवेश पंजीयन आवेदन (Entrance Test के साथ) में एम.ए. कोर्स के स्थान पर एम.एफ.ए./एम.पी.ए. कोर्स में पंजीयन (प्रवेश आवेदन) त्रुटिवंश भर गया है अथवा स्नातक में प्रवेश के साथ Entrance Test आवश्यक है परन्तु Entrance Test विकल्प का चयन नही किया है, उन विद्यार्थियों को संशोधन करने हेतु आवेदन के साथ समस्त दस्तावेजों एवं 500 रूपये की राशि के साथ विश्वविद्यालय परिसर में Entrance Test के समय स्वयं उपस्थित होना होगा।

Entrance Test Exam हेतु आवश्यक दस्तावेज निम्नानुसार हैः–

1. प्रवेश पंजीयन आवेदन की छायाप्रति 2. 10 बी कक्षा की अकंसूची की छायाप्रति 3. 12 बी कक्षा की अकंसूची की छायाप्रति 4. स्नातक अंतिम वर्ष कोर्स की अकंसूची की छायाप्रति 4. आधार कार्ड की छायाप्रति

नोटः– ड्राइंग एवं पेन्टिग विषय के आवेदकों को केवल केनवास एवं ड्राइंग शीट उपलब्ध कराई जावेगी। शेष सामग्री (रंग,ब्रश आदि) आवेदक स्वंय लेकर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

Gowri

डॉ. गौरीप्रिया एस.
प्रवेश शाखा प्रभारी

प्रतिलिपि :–

1. माननीय कुलपति महोदय जी की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय जी की ओर सूचनार्थ।
3. परीक्षा विभाग की ओर सूचनार्थ।
4. पी.आर.ओ. रा.मा.तो.संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की ओर सूचनार्थ।
5. एम.पी.ऑनलाईन की ओर सूचनार्थ।
6. विश्वविद्यालय की वेबसाइड पर अपलोड करने हेतु।
7. सूचना पटल पर चस्पा हेतु।

Gowri

डॉ. गौरीप्रिया एस.
प्रवेश शाखा प्रभारी

स्वरांग परिसर, नीडम रोड़, नाका चन्द्रवदनी चौराहा ग्वालियर (म.प्र.) 0751–4000864
E-mail id:-rmt.admissioncell@gmail.com